प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 03.01.2025

- ❖ **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की धनराशि को कराया गया वापस।**
- ❖ **शिकायतकर्ता द्वारा गलती से किसी दूसरे खाते में रुपये कर दिये थे ट्रांसफर।**
- ❖ **शिकायतकर्ता द्वारा गलत ट्रांसफर की गयी कुल धनराशि में से ₹ 19000 रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्रीमती हेमलता पत्नी नीरज कुमार निवासी जवाहरनगर कस्बा शिवली जनपद कानपुर देहात जोकि जवाहर नगर कस्बा शिवली में एसबीआई बैंकिंग सहज जन सेवा केन्द्र चलाती हैं उनके द्वारा दिनांक 26.12.2024 को पैसे ट्रांसफर करते समय मोबाइल नम्बर का एक डिजीट गलत हो जाने के कारण शिकायतकर्ता के कुल 26,000 रूपये जनपद बाराबंकी निवासी रामसरन पुत्र रामचन्द्र के खाते में चले गये थे । शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर ऑनलाइन शिकायत की गयी जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना शिवली साइबर सेल हेल्प डेस्क द्वारा आज दिनांक 03.01.2025 को शिकायतकर्ता की कुल गलत ट्रांसफर की गयी धनराशि में से ₹ 19,000/- उसके खाते में वापस कराये गये व शेष बचे हुए रुपयों को वापस कराने के सम्बन्ध कार्यवाही प्रचलित है।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

19,000 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. का0 विमलेश
3. म0का0 प्रीती सोनकर